केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

Central Sanskrit University
Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University
Under Ministry of Education, Govt. of India)
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi-110058

8-1/CSU/Acd/Admissions/Non-CUET/2026/376

Dated-02.07.2026

सेवा में,

समस्त परिसर निदेशक / प्राचार्य,
समस्त परिसर एवं संबद्ध संस्थान,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय।

विषय:- शैक्षणिक सत्र 2026-27 के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं अभिनव कार्यक्रमों (Certificate, Diploma & PG Diploma) में Non-CUET (संस्था/परिसर स्तरीय प्रवेश प्रक्रिया) के माध्यम से आगामी चरणों के आयोजन के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सादर सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर (PG), स्नातक (UG), शिक्षाचार्य (M.Ed.), प्राक्शास्त्री (12th) तथा अभिनव कार्यक्रमों (Certificate, Diploma & PG Diploma) में प्रवेश हेतु आगामी चरणों की ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है। इस संबंध में समर्थ पोर्टल (Samarth Portal) पर ऑनलाइन आवेदन की तिथियां, विस्तृत विवरण एवं निर्देश निम्नानुसार हैं:

1. **स्नातकोत्तर कार्यक्रम (Phase-III):** एम.ए., आचार्य, आचार्य (1-वर्षीय) एवं एम.एससी. (योग विज्ञान) के प्रथम वर्ष में द्वितीय चरण के उपरान्त रिक्त रहे स्थानों पर प्रवेश हेतु तृतीय चरण (Phase-III) का आयोजन सुनिश्चित करवाएं।
2. **स्नातक कार्यक्रम (Phase-III):** शास्त्री, शास्त्री प्रतिष्ठा, B.A. Hons. (संस्कृत और लोक सेवा अध्ययन), B.Sc. (योग विज्ञान) एवं B.P.A. (Hons.) पाठ्यक्रमों के लिए भी रिक्त सीटों पर तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया संचालित करवाएं।
3. **शिक्षाचार्य - M.Ed. (Phase-I तिथि विस्तार):** जयपुर, भोपाल एवं पुरी परिसरों में संचालित शिक्षाचार्य कार्यक्रम के प्रथम चरण की तिथियों का विस्तार किया गया है। इनका प्रवेश भी परिसर-स्तरीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर तैयार अंतिम वरीयता सूची के अनुसार संपन्न करवाएं।
4. **प्राक्शास्त्री - 12th (Phase-IV):** प्राक्शास्त्री कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु चतुर्थ चरण (Phase-IV) प्रारम्भ किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में भी तृतीय चरण के बाद रिक्त रहे स्थानों पर स्थानीय स्तर पर ही संस्था स्तरीय प्रवेश परीक्षा (Non-CUET) आयोजित कर अंतिम वरीयता सूची के अनुसार प्रवेश सुनिश्चित करवाएं। ध्यातव्य है कि इस चरण में मुख्यालय स्तर से प्रवेश प्रक्रिया आयोजित नहीं की जाएगी।
5. **अभिनव कार्यक्रम (Phase-II):** अभिनव कार्यक्रमों (प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश प्रक्रिया का द्वितीय चरण (Phase-II) प्रारम्भ किया जा रहा है। इसमें अधिकाधिक संख्या में प्रवेश पंजीकरण करवाने हेतु प्रचार प्रसार करवाएं। इन कार्यक्रमों में अध्ययन के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करें और अधिसूचना के साथ संलग्न कार्यक्रमों की सूची सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करवाएं, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें।

महत्वपूर्ण समय सारणी / Combined Admission Schedule

प्रवेश से संबन्धित विवरण	**A. नियमित पाठ्यक्रम (PG, UG, M.Ed. एवं प्राक्शास्त्री)**	**B. अभिनव कार्यक्रम (प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा व PG डिप्लोमा)**
ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ	01 जुलाई, 2026	04 जुलाई, 2026
आवेदन की अंतिम तिथि	15 जुलाई, 2026 (रात्रि 11:59 बजे)	03 अगस्त, 2026 (रात्रि 11:59 बजे)
प्रवेश परीक्षा	17 जुलाई, 2026 (प्रस्तावित परीक्षा)	-
परिणाम की घोषणा	20 जुलाई, 2026	-
दस्तावेज़ सत्यापन एवं शुल्क जमा	21 जुलाई, 2026 से 27 जुलाई, 2026	06 अगस्त, 2026 से 12 अगस्त, 2026